धामी कॉलेज में आपदा में बचाव पर किया जागरूक

महेंद्र कुमार, सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में हिमाचल प्रदेश रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी, साइंस सोसायटी और वाणिज्य सोसायटी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते गणमान्य ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा दी जाने वाली गतिविधियों से अवगत करवाना और सड़क दुर्घटना या आपदा के समय पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के विषय में जागरूक करवाना रहा।

खंड चिकित्सा अधिकारी दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल डॉ. गंगा शर्मा , डॉ. किमी सूद महासचिव रेड क्रॉस सोसायटी, वीरेंद्र सिंह विष्ट प्रशिक्षण समन्वयक ने विद्यार्थियों को आपदा राहत, आपदा तैयारी की जानकारी और प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्राथमिक उपचार के अंतर्गत कार्यक्रम रेड क्रॉस सोसायटी के स्नायोजक डॉ. मनोज कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

धामी में दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

शिमला। राजकीय महाविद्यालय धामी में शुक्रवार को कॉलेज की रेडक्रॉस सोसायटी, साइंस सोसायटी और वाणिज्य सोसायटी ने रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना, हादसों में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार बारे जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को मरहम पट्टी करने, घायलों को समय से अस्पताल पहुंचाने बारे बताया। बीएमओ डॉ. गंगा शर्मा, डॉ. किमी सूद, वीरेंद्र सिंह विष्ट ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसायटी के डॉ. मनोज कुमार ने किया। ब्यूरो

COLLEGE DHAMI 16 MILE SHIMLA-14
Cross Society
ARE SECTION
You